जोंधरा में स्वच्छता अभियान... पृष्ठ 2 | जोंधरा में स्वच्छता अभियान... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

बुधवार, 30 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 279, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# सर्वे में शामिल देशभर के 4,566 शहरों के बीच राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-100 में छत्तीसगढ़ के 25 शहर

## शहरी स्वच्छता में छत्तीसगढ़ की लंबी छलांग, स्वच्छता सर्वे में शामिल 169 में से 115 शहरों ने सुधारी अपनी रैंकिंग, गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में राज्य के 62 शहरों ने बढ़ाया अपना दर्जा, रायपुर को सेवन स्टार सम्मान



**रायपुर।** भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। राज्य के नगरीय निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है कि इस बार सर्वेक्षण में शामिल 169 शहरों में से 115 शहरों ने अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। स्वच्छता के इस राष्ट्रीय मूल्यांकन में देशभर के 4,566 शहरों के बीच छत्तीसगढ़ के 25 शहर टॉप-100 में शामिल हुए हैं, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में बड़ी छलांग है, जब केवल 16 शहर टॉप-100 में आ पाए थे। राज्य के 62 नगरीय निकायों ने गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में अपना दर्जा बढ़ाया है, जबकि सिंगल, थ्री और फाइव स्टार प्राप्त करने वाले शहरों की संख्या 71 से बढ़कर अब 114 हो गई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ने इस बार फाइव स्टार से बढ़कर सेवन स्टार की सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की है। रायपुर को गारबेज-फ्री सिटी श्रेणी में यह सम्मान प्राप्त हुआ है, साथ ही स्वच्छता में उसे वाटर प्लस शहर का दर्जा भी मिला है। इस बार बिलासपुर, कोरबा और भिलाई नगर—ये तीन नगर निगम ओडीएफ प्लस प्लस से बढ़कर वाटर प्लस श्रेणी में पहुंच गए हैं। राज्य के 163 नगरीय निकायों को ओडीएफप्लस प्लस का दर्जा प्राप्त हुआ है, जिनमें किरंदुल और भाटापारा नगर पालिका तथा कुंरा नगर पंचायत जैसे निकाय भी शामिल हैं, जो पहले केवल ओडीएफ श्रेणी में थे। सीतापुर नगर पंचायत ने भी ओडीएफप्लस से आगे बढ़कर ओडीएफप्लस प्लस दर्जा हासिल किया है। पिछले डेढ़ वर्षों में 62 नगरीय निकायों ने अपने सतत प्रयासों के माध्यम से गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में सुधार किया है। बिलासपुर और अंबिकापुर ने अपने थ्री स्टार स्तर को बढ़ाकर फाइव स्टार किया है, जबकि भिलाई नगर, जगदलपुर नगर निगम, जामुल नगर पालिका और घरघोड़ा नगर पंचायत ने 2023-24 के सिंगल स्टार दर्जे से आगे बढ़ते हुए अब थ्री स्टार प्राप्त किया है। वहीं, धमतरी, शिबरीनारायण और राजपुर जैसे शहर, जो पूर्ववर्ती सर्वे में स्टार रेटिंग में नहीं थे, उन्होंने सीधे थ्री स्टार श्रेणी में प्रवेश किया है। स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में



विशेष प्रयासों के चलते राज्य के 52 नगरीय निकायों ने नो स्टार से उन्नत होकर अब सिंगल स्टार दर्जा प्राप्त कर लिया है। इस बार कई नगरीय निकायों की राष्ट्रीय रैंकिंग में बड़ा सुधार देखने को मिला है। वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर पर 649वें स्थान पर रहे सिमगा ने इस बार 95वीं रैंक हासिल की है। इसी तरह जशपुर 637वें से 91वें, राजपुर 630वें से 63वें और घरघोड़ा 616वें से 71वें स्थान पर आ गया है। भिलाई-चरोदा ने अपनी रैंकिंग 587 से सुधारकर 68, दोरनापाल ने 557 से 81, दंतेवाड़ा ने 552 से 70, जगदलपुर ने 461 से 55, मुंगेली ने 447 से 86, कवर्धा ने 430 से 77, कुनकुरी ने 426 से 84, दुर्ग ने 314 से 80, राजनांदगांव ने 268 से 46, भिलाई नगर ने 267 से 22, छुरा ने 230 से 76, प्रतापपुर ने 173 से 62, बलरामपुर ने 65 से 53 और रायपुर ने 12वीं रैंक से बढ़कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य के शहरों की इस उपलब्धि को स्थानीय निकायों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि शहरी सरकार, राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर नवाचारों के साथ शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के शहरों की रैंकिंग में और भी सुधार होगा और इस



बार की राष्ट्रीय सफलता सभी नगरीय निकायों को और अधिक प्रेरित करेगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों की सराहना करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगरीय विकास और स्वच्छता हेतु राज्य सरकार द्वारा 7,400 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी, जिसका यह सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया था कि वे अपने अधीनस्थ अमले के साथ प्रतिदिन प्रात: भ्रमण कर सफाई कार्यों की नियमित निगरानी करें। श्री साव ने कहा कि विभाग की इन दोनों पहलों की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# ढाबा से निकली महाकाल की भव्य पालकी यात्रा



**शहर में गूंजा जय महाकाल**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शहर के ढाबा क्षेत्र से बाबा महाकाल श्री चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। लगभग एक किलोमीटर लंबी बाबा महाकाल की पालकी यात्रा में जिले के पूर्व सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, शिव वर्मा, भाजपा युवा नेता सुमीत भाटिया, महापौर मधुसूदन यादव के सुपुत्र रिभय यादव, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, सुपुत्र मानव देशमुख, पूर्व ननि नेता प्रतिपक्ष हाफीज खान, शाहिद खान, आसिफ भाई आदि सहित नगर के गणमान्य नागरिक पूरे भक्ति-भाव के साथ शामिल हुए। उपस्थित उपरोक्त जनप्रतिनिधियों ने सबसे पहले पालकी में विराजमान भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर बाबा महाकाल की पूजा अर्चना की। इस दौरान जय-जय महाकाल व भगवान भोले भंडारी के जय-जयकार के नारो से पूरा माहौल गुंजायमान हो उठा। शहर के ढाबा वार्ड से बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना, शंखनाद एवं पुष्प वर्षा के बाद धूमधाम के साथ रवाना हुई। उक्त पालकी यात्रा का शिवनगर, चिखली पहुंचने पर श्रद्धालु जनों द्वारा जगह-जगह पूजा अर्चना की गई, वहीं महिलाएं द्वारा थाल सजाकर कर भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर की आरती की गई। महाकाल पालकी यात्रा के आगे बढ़ने पर स्टेशन पारा से लेकर गौरीनगर तक लोगों ने बाबा महाकाल की पालकी यात्रा के लिए पलक पांवड़े बिछाए रहे और वहां पहुंचने पर बाबा महाकाल की पूजा आरती की वहीं पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का मीठा पेय, संतोष पाण्डे, अभिषेक सिंह, नीलू शर्मा, हेमा देशमुख, हफीज खान, शाहिद खान आदि हुए शामिल। चाकलेट, स्वल्पाहार आदि से स्वागत किया गया। इस दौरान महाकाल सेना के पवन डागा, राजू डागा, पूर्व महापौर अजीत जैन, अमित खंडेलवाल, संजय तेजवानी, आलोक बिंदल, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, ओम बाबा जी, अनूप श्रीवास आदि सहित बड़ी संख्या में महाकाल भक्त युवक-युवतियां व महिलाएं बच्चे उपस्थित थे। बाबा महाकाल की विशाल प्रतिमा के आगे-आगे बैंड बाजा व भजन कीर्तन के गान सहित श्री चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में अर्जुंदा के सुआ नृत्य ने सबका ध्यान आकर्षित किया। हरे परिधान में सुआ नृत्य करती युवतियां अपने एक एक स्टेप्स से जमकर रंग बिखेर रही थी वहीं राउत नाचा व पंथी नृत्य भी लोगों के बीच आकर्षण के केंद्र बने रहे। बाबा महाकाल की पालकी यात्रा में दुर्ग गौरीनगर में किन्नरों ने किया मनोहारी नृत्य जिले की पाटन के अघोरी नृत्य से लोग सम्मोहित हुए बिना नहीं रहे। बाबा महाकाल पालकी यात्रा की जगह-जगह स्वागत सत्कार आरती पूजा होते हुए वरिष्ठ पार्षद हफीज खान के वार्ड में पहुंचने पर वहां निवासरत किन्नरों ने बाबा महाकाल की शान में जमकर नृत्य किए, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ रही। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित वार्डवासियों ने भगवान महाकाल की पूरे भक्ति-भाव से पूजा अर्चना की। पालकी के गौरी नगर के शीतला मंदिर पहुंचने पर वार्ड पार्षद हफीज खान ने अपने वार्डवासियों सहित भगवान महाकाल की पूजा अर्चना की और वार्डवासियों सहित पूरे नगरवासियों की सुख-शांति व खुशहाली की कामना की तत्पश्चात यहां बाबा महाकाल पालकी यात्रा का विश्राम किया गया।

# कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टर कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, विद्युत पोल हटाने, सड़क मरम्मत कराने, अतिक्रमण हटाने, अवैध प्लाटिंग की शिकायत, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन, सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी।

## जप्तसुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा गौरी नगर राजनांदगांव निवासी नूर खां पठान के स्वामित्व की जप्तसुदा वाहन टाटा ट्रक 1412 सीआरएक्स क्रमांक सीजी 08 एएच 3670 को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया गया है। आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त होने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन की नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई करते हुए प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल किया जाएगा।

## मोखला स्कूल के प्रशांत प्रयास विद्यालय के लिए चयनित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला,संकुल भरेंगांव के छात्र प्रशांत कुमार साहू पिता मदन लाल साहू का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर में हुआ है। प्रशांत शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। प्रशांत के पिता मदन लाल साहू वर्तमान में ग्राम पंचायत मोखला के उपसरपंच है। पिछले वर्ष भी इस संस्था से एक छात्रा का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय मे हुआ था । उक्त छात्र के चयनित होने पर संस्था प्रमुख एस. के.मेश्राम, एसएमसी अध्यक्ष देवकुमार साहू, उपाध्यक्ष संगीता साहू सरपंच श्रीमती चुम्मन साहू,पूर्व सरपंच श्रीमती अमरीका साहू ,शिक्षाविद डी.डी.साहू शिक्षकगण डी.के.चंद्राकर , डी.के.नामदेव, आर.के.यादव, प्रीति चतुर्वेदी, एसएमसी सदस्य, तुलदास, तेजराम ,घनश्याम, टिकेश्वर ,रूखमणी, पुष्पा, जिनेश्वरी, खिलेश्वरी, ज्योति, नगीना सभी ने बधाई एवम् सुभकामनाएं दी तथा उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

# तहसीलदारों के हड़ताल में जाने से तहसीलो में राजस्व कार्य पटरी से उतरी

## ग्रामीण परेशान, काम रूकने से बैरंग एवं निराश लौट रहे है आमजन, 17 सुत्रीय मांगो को लेकर जिले के तहसीलदारो ने जिला मुख्यालय में दिया धरना एवं मांगो को लेकर किया प्रदर्शन

### संसाधन नही तो काम नही की मांग को लेकर जिले के तहसीलदार तीन दिवसीय हड़ताल पर गए

अफशान खान

**अंबागढ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** संसाधन नही तो काम नही की मांग को लेकर नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के तहसीलदार व नायब तहसीलदार 17 सूत्रीय मांगो को लेकर तीन दिवसीय हडताल पर चले गए है। राजस्व अधिकारियो का यह आंदोलन बेमियादी होगा या 30 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। इसका निर्णय बुधवार को प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन के बाद होगा। लेकिन तहसीलदारो के हडताल के चलते राजस्व विभाग से जुडे समस्त कार्य पटरी से उतर गए है।

नए जिले के अंबागढ चौकी, मोहला, मानपुर, खडगांव एवं औंधी तहसील के तहसीलदार आज जिला मुख्यालय में आज 17 सुत्रीय मांगो को लेकर हडताल पर रहे। राजस्व अधिकारी विशेष रूप से तहसील कार्यालय में पदस्थ तहसीलदार को विभीन्न प्रकार की कठिनाईयो एवं समस्या का सामना करना पड रहा है। इसलिए छग कनिष्क प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले जिले के तहसीलदार 28 जुलाई से 30 जुलाई तक हडताल पर रहेगे। तहसीलदारो ने आज प्रदेश स्तरीय आहवान पर 28 जुलाई को जिला मुख्यालय में व 29 जुलाई को संभाग मुख्यालय में 17 सुत्रीय मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जबकि 30 जुलाई को प्रदेश की राजधानी रायपुर में प्रदर्शन करेगे। इसी दिन संघ के निर्णय में आंदोलन आगे बढने या समाप्त करने का फसला लिया जाएगा। लेकिन इधर जिले के राजस्व अधिकारियो के हडताल से तहसील कार्यालयो में कामकाज पहले दिन से पटरी से उतर गई है। आज सोमवार व मंगलवार को राजस्व विभाग से जुडे कार्य लेकर तहसील कार्यालय पहुचने वाले ग्रामीणो को तहसीलदारो के हडताल के चलते भटकते हुए देखा गया। ठेठवार लंझिया से आए मयाराम कौशिक, मदन कोमरे, मोगरा के पन्ना दाउ, भनसुला के डेरहाराम मेश्राम ने बताया कि हडताल के चलते उनका काम अटक गया है। उन्हे आज तहसील कार्यालय से बिना काम कराए बैरंग लौटना पडा।

**जिला मुख्यालय में तहसीलदारो ने धरना दिया**

जिला मुख्यालय मोहला में सोमवार को जिले के तहसीलदारो ने अपनी 17 सुत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया एवं मागे पुरी करने के लिए छग कनिष्क




प्रशासनिक सेवा संघ के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन में अंबागढ चौकी तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, मोहला तहसीलदार नेहा विश्वकर्मा, दिनेश साहू, मानपुर तहसीलदार दिनेश साहू, खडगांव तहसीलदार आशीष राज एव नायब तहसीलदार भी शामिल हुए। जबकि जिले के सभी तहसीलदार मंगलवार को संभाग मुख्यालय दुर्ग में धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। वे बुधवार को राजधानी रायपुर में प्रदर्शन में शामिल होंगे।

**नही बन पाए प्रमाण पत्र**

तहसीलदारो के हडताल से राजस्व विभाग से जुडे कई कार्य प्रभावित नजर आए। तहसील कार्यालयो में तहसीलदार की गैर मौजुदगी में लोग आय जाति निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटकते नजर आए। जबकि कई लोगो का नामांतरण बटवारा से जुडा कार्य नही हुआ। बताया जाता है की हडताल से न्यायालयीन कार्य भी प्रभावित हो गए। वही फार्मर रजिस्ट्री डिजिटल फसल सर्वे कार्य भी रूक गया है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के हडताल में जाने से जिले के अधिकांश स्थानो में कानून व्यवस्था से जुडे कार्य भी अस्त व्यस्त नजर आए। जनप्रतिनिधि अपने आंदोलन की सूचना देने एवं ज्ञापन देने के लिए तहसीलदार को ढुंढते दिखे। वही बाढ एवं अतिवृश्टि आपदा प्रभावित लोग भी राजस्व अधिकारी के कार्यालय में नही होने से मुआवजा के लिए चक्कर काटते दिखे।

**इन 17 सुत्रीय मांगो के लिए हडताल पर है तहसीलदार**

नवीन जिले के तहसीलदारो ने बताया की वे तहसील कार्यालयो में संसाधन बढाने, तकनीकी सुविधाए, सुरक्षा, वाहन इत्यादि प्रमुख सुविधाए बढाने की मांग कर रहे है। जिले की छग कनिष्क प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष नेहा विश्वकर्मा, अनुरिमा टोप्पो एवं दिनेश साहू ने बताया की वे संघ के प्रदेश स्तरीय आहवान पर हडताल पर है। उन्होने बताया वे समय समय पर अपनी मांगो की पूर्ती के लिए शासन को ध्यान आकृष्ट करा रहे है। लेकिन उनकी मांगे को लेकर शासन संवेदनशील नही है। जिसके कारण उन्हे अपने अधिकारो की मांग को लेकर शासन के खिलाफ सडक की लडाई लडने के लिए आंदोलन में कूदना पड गया है। तहसीलदारो ने बताया की उनकी 17 सुत्रीय मांगो में सभी तहसीलो में स्वीकृत सेटअप के अनुसार पदास्थापना, पदोन्नति, नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने, ग्रेड पे, शासकीय वाहन की उपलब्धता, निलंबन से बहाली, न्यायालयीन प्रकरणो में आदेश का पालन एवं न्यायालयीन आदेशो पर एफआईआर न हो, मानदेय भुगतान एवं नियुक्ति, प्रशिक्षित आपरेटरो की नियुक्ति, न्यायालय में उपस्थिती हेतु व्यवस्था, सुरक्षाकर्मी प्रदान करने, वयक्तिगत मोबाईल नंबर की गोपनीयता, एसएलआर एवं एएसएलआर की बहाली तथा सडक दुर्घटनाओ में तहसीलदारो के माध्यम से आर्थिक सहायता राशि 25 हजार तत्काल मौके में देने का अधिकार, संघ की मान्यता एवं विशेषज्ञता कमेटी का गठन इत्यादि शामिल है।

# घोरदा में अवैध पेड़ कटाई का मामला गंभीर, जांच ठप, रसूखदार जनपद सदस्य का नाम दबी जुबान में, ग्रामीण डरे सहमे



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव जनपद क्षेत्र के ग्राम घोरदा में अवैध रूप से हरे-भरे पेड़ों की कटाई का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में 6 आम के पेड़ और एक कीमती इमरती लकड़ी 'कहवा' का पेड़ काटा गया है। यह घटना न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से चिंताजनक है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक हस्तक्षेप की ओर भी इशारा करती है। इस गंभीर मामले की लिखित शिकायत एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार पी. एल. नाग और जिला कलेक्टर को दी गई है। शिकायत को लगभग एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, इस मामले में सबसे गंभीर पहलू यह है कि जिस क्षेत्र में यह कटाई हुई है, वहीं के पटवारी प्रशांत सिंह ठाकुर और राजस्व निरीक्षक (आरआई) रामजी साहू होने के बावजूद दोनों मौके पर नहीं पहुंचे हैं। पूछने पर उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि च्च्हमें अभी तक ऊपर से आदेश नहीं मिला है ज्ज् यह स्थिति न केवल हैरान करने वाली है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करती है कि क्या प्रशासनिक अमला अब आदेश के बिना अपने क्षेत्र में भी आंखें मूंदकर बैठा रहेगा?। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश और असंतोष का माहौल बन गया है। इस मामले में चिंताजनक बात यह है भी कि ग्रामीण खुलकर कुछ कहने से डर रहे हैं। हालांकि सामने कोई सीधे तौर पर नाम नहीं ले रहा, लेकिन दबी जुबान में अधिकांश लोग जनपद सदस्य एवं भाजपा नेता उमेश साहू का नाम ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ कटाई का कार्य साहू के इशारे पर या उनकी जानकारी में हुआ है, लेकिन उनके प्रभाव के कारण लोग खुलकर बोलने से हिचकिचा रहे हैं। जब इस मुद्दे पर गांव के सरपंच और सचिव से बात की गई, तो उनका भी यही जवाब था कि हमें शिकायत मिली है, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्राम स्तर की यह निष्क्रियता यह दर्शाती है कि या तो पंचायत तंत्र दबाव में है या फिर उसने अपनी जिम्मेदारी से किनारा कर लिया है। उधर, जब जनपद सदस्य उमेश साहू से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने साफ इनकार किया और कहा कि मुझे राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया जा रहा है, मेरा इस कटाई से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि, ग्रामीणों के बयान और जमीन पर बनी स्थिति उनके दावे पर सवाल उठाती है। एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम ने भी कहा है कि शिकायत मिली है और जांच की जाएगी, लेकिन अब तक कोई भी अधिकारी स्थल पर नहीं पहुंचा है। इससे यह शंका और गहराती जा रही है कि कहीं यह मामला जानबूझकर दबाया तो नहीं जा रहा? ग्राम घोरदा में पेड़ों की अवैध कटाई का यह मामला अब प्रशासनिक निष्क्रियता, राजनीतिक हस्तक्षेप और जनता की चुप्पी का प्रतीक बनता जा रहा है। ग्रामीण डरे हुए हैं, पंचायत चुप है और प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। अगर इस मामले में निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई, तो यह सवाल उठना लाज़मी है — क्या आम जनता की आवाज रसूखदारों की दीवार से टकरा कर दम तोड़ देगी?



## शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा में ?1.22 करोड़ के गबन के प्रकरण में मुख्य आरोपी प्रमोद वर्मा गिरफ्तार, न्यायालय में पेश कर भेजा गया जेल


पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय आचार्य पंथ गंध मुनि नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा में करोड़ों रुपये के गबन के प्रकरण में आज एक अहम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी प्रमोद कुमार वर्मा, सहायक ग्रेड-2 को गिरफ्तार किया है। आरोपी को विधिसम्मत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय प्रबंधन और जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव की शिकायत पर कॉलेज संचालन में गंभीर वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर दिनांक 21 मई 2024 को थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 728/2024, धारा 316(5) भादवि के तहत प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जांच में जनभागीदारी मद से संबंधित ?28,32,407 की राशि का गबन सामने आया था।



## संत श्री गोस्वामी तुलसीदास जयन्ती समारोह का आयोजन आज

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा 31 जुलाई 2025 दिन गुरुवार को संत श्री गोस्वामी तुलसीदास जयन्ती समारोह का आयोजन धार्मिक उमंग के साथ किया जावेगा, कार्यक्रम इस प्रकार आयोजित किये जायेंगे जिसमें प्रात: 9 बजे संत श्री गोस्वामी तुलसीदास जी का विधि विधान से पूजन कार्य किया जायेगा। वहीं प्रात: 10 बजे से शाम तक भजन मंडलियों द्वारा रामायण व भजन कीर्तन की प्रस्तुति का कार्यक्रम आयोजित किये जावेंगे । इस शुभ अवसर पर ट्रस्ट समिति ने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर दर्शन लाभ प्राप्त करें । उक्ताशय की जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने दी ।




## सेंट विसेंट पलोटी इंटरनेशनल स्कूल में यातायात जागरूकता अभियान

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** 26 जुलाई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अति0 पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर नक्सल ऑपरेशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात शाखा में पदस्थ सउनि कमल किशोर श्रीवास्तव प्र.आर. तेजकुमार किस्पोट्टा, आर. संदीप कुर्रे द्वारा सेंट विसेंट पैलोटी इंटरनेशनल स्कूल डोंगरगढ़ में यातायात नियमों की जानकारी एवं नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। यातायात जागरूकता अभियान के तहत सड़क हादसों से होने वाली नुकसान के बारे में बताते हुए सड़क हादसों से बचाव के लिए बताया गया कि ओव्हर स्पीड वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चलें, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाये, यातायात नियमों का पालन करें। सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम तभी लगाया जा सकता है, जब प्रत्येक वाहन चालक एवं आम नागरिक यातायात नियमों का पालन करेगा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक होगा। स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।




**शुभांक**

2-5-7

578-0 350-8

**भाग्यांक**

229-3 155-1

## डोंगरगांव , खुज्जी क्षेत्र के किसानो को नहीं मिल रही है यूरिया खाद

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सेवा सरकारी समिति डोंगरगांव एवं खुज्जी क्षेत्र के किसानों को पिछले 15 दिनों से यूरिया खाद्य समय पर नहीं मिल रहा है जिससे क्षेत्र के किसान बहुत परेशान है ग्राम रेंगाकठेरा के किसान मयंक यदु ने बताया है कि क्षेत्र के किसानों को पिछले 15 दिनों से यूरिया खाद एवं अन्य खाद नहीं मिल रहा है किसान इन दिनों सेवा सरकारी समिति कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं परंतु किसानों को सिर्फपांच दिन और सात दिन का समय बात कर बेरंग लौट रहे हैं जिससे किसान संतुष्ट नहीं है लगातार हो रही बारिश के चलते इन दिनों किसानों को यूरिया जैसे खाद की माहिती आवश्यकता है जो इन दिनों सरकारी सोसाइटियों में नहीं मिल रहा है जबकि एक ओर यूरिया खाद प्राइवेट कृषि केंद्र के दुकानों में दो गुना दरों पर आसानी से मिल रहा है सरकारी सोसाइटियों होने के बाद भी किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है

डोंगरगांव सेवा सरकारी समिति प्रबंधक प्रतीक सिंह विनोद का कहना है कि वर्तमान में यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई है रोज किसान वर्ग के लोग कार्यालय आकर यूरिया खाद की मांग ज्यादातर कर रहे हैं हमारे सोसाइटियों के माध्यम से यूरिया सहित अन्य खाद कि मांगों के अनुसार मांग पत्र पहले से आगे कार्यालय भेजा जा चुका है जहां से चार दिन बाद मिलने की बात कही गई है यूरिया खाद दो गुना दरों पर प्राइवेट कृषि केंद्र के दुकानों में आसानी से मिल रहे हैं

### व्यय रजिस्टर में हर दिन के खर्च का रखना होगा हिसाब

इन दिनों सरकारी समिति में यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई है वही डोंगरगांव एवं खुज्जी क्षेत्र के प्राइवेट कृषि केंद्र के दुकानों में यूरिया खाद को दो गुना दरो पर आसानी से बचा जा रहा है जिनकी रोकथाम संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी नहीं कर पा रहे हैं क्षेत्र के किसानों को जबरदस्ती अधिक दरो पर यूरिया खाद बाहर के दुकानों से खरीदना पड़ रहा है वर्तमान में क्षेत्र के किसानों को कोई भी खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा है जिससे क्षेत्र के किसानों को अच्छी खासी नुकसान के साथ नाराजगी देखी जा रही है खाद की समस्या को लेकर कुछ किसानों ने योजना बनाई है कि मोहड़ के तिराहे मार्ग पर खाद की समस्या को लेकर आंदोलन करने की चेतावनी भी दे रहे हैं

**इन सरकारी समितियो में खाद की किल्लत बनी हुई है**

वर्तमान में क्षेत्र के किसानों को यूरिया व अन्य खाद की समस्या बनी हुई है जो इन सरकारी समिति में जैसे डोंगरगांव, कोकपुर , कुमरदा, खुर्सीटिकुल, चरभाटा,चिरचारी कला आमगांव, आतरगांव , बादराटोला, खुज्जी ,अर्जुनी दीवानभेड़ी , गिदर्री, खुर्सीपार, पांगरीकला, राणा मटिया ,चंदिया, संबलपुर ,रतनभाट, सोनेसरार , किरगी , उमरवाही में इन सभी जगह यूरिया खाद व अन्य खाद की समस्या बनी हुई है इन सभी सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं होने से क्षेत्र के किसान वर्ग में असंतुष्ट और नाराजगी देखने को मिल रही है

**सरकारी समिति और प्राइवेट दुकानों में खाद का अंतर**

इन दोनों सरकारी समिति में खाद नहीं होने से प्राइवेट कृषि केंद्र के दुकानों में लगभग अंतर राशि इस प्रकार से बताया जा रहा है

सेवा सरकारी समिति में यूरिया 266, डीएपी 1350, पोटास 1500, इफ्फ्को 1300,सुपर फास्फेट 535 दर पर दिया जा रहा है

प्रायवेट कृषि केंद्र के दुकानो में इस प्रकार से यूरिया 700, डीएपी 2100, पोटास 2000, इफ्फ्को 1500, सुपर फास्फेट 700 के लगभग इसी दर में दिया जा रहा है।

## कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व समाधान शिविरों को बताया प्राथमिकता, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों को अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में जिले में राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन शिविरों में संबंधित राजस्व निरीक्षक और पटवारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और किसानों तथा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान तत्परता के साथ करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिविर तिथि की पूर्व सूचना प्रत्येक गांव में लाउडस्पीकर के माध्यम से दी जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण जन शिविर में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। कलेक्टर वर्मा ने राजस्व शिविरों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक कार्यों के लिए आवश्यक आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों को सरल प्रक्रिया के तहत तत्काल तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को आयुष्मान भारत कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री मुक्त सूर्य घर योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और पात्र व्यक्तियों को तत्काल योजनाओं से जोड़ने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



## श्रावण के तीसरे सोमवार पर बाबा महाकाल की भव्य रथ सवारी निकली श्रद्धालु हुए शामिल

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** मुंगेली- श्रावण मास के तीसरे सोमवार को ग्राम कोदवा बानी में भगवान श्री महाकाल की सवारी अप्रतिम उत्साह और भक्ति के चरम रूप में निकाली गई, यह भव्य सवारी भगवान के तीन दिव्य स्वरूपों ङ्क चंद्रमौलेश्वर, मनमहेश और शिव तांडव में ग्राम भ्रमण पर निकली, जिसने हजारों श्रद्धालुओं के लिए एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया, बाबा महाकाल के दर्शन और उनके भव्य रूप को निहारने के लिए आसपास के गांवों से जनसैलाब उमड़ पड़ा, सवारी का शुभारंभ शिव मंदिर शिवशक्ति बाजारपारा से हुआ, जहाँ सर्वप्रथम भगवान श्री महाकालेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया, इस पूजन के उपरांत, भगवान महाकालेश्वर अपनी पालकी में विराजित होकर डीजे गाजे बाजे में ग्राम भ्रमण के लिए निकले. उनके पीछे झाँकी स्वरूप मनमहेश स्वरूप और गरुड़ पर शिव तांडव, काली स्वरूप आकर्षण की केंद्र रहा जो पूरे मार्ग में आस्था का आलोक बिखेरते हुए आगे बढ़ रहे थे, ग्यारहवीं शताब्दी के राजा भोज ने इस परंपरा को बड़े रूप में शुरू किया था। उन्होंने इस जुलूस में कई नए कलाकारों और संगीतकारों को शामिल किया था। श्रद्धालुओं इस भव्य रथयात्रा में शामिल होते हैं और महाकाल के जयकारे लगाते हैं। महाकाल की एक झलक पाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ रहा। इस तरह पूरे गांव भक्तिमय वातावरण व उमंग उत्साह में दिखाई दिए। इस भव्य आयोजन में प्रिंस दादवानी की झाँकी ने श्रद्धालुओं के मन मोह लिया। श्री श्याम बिल्डर्स राजनांदगांव प्रबंधक संतोष सिंह राजपूत का महत्वपूर्ण योगदान साथ ही ग्राम पंचायत कोदवा बानी व ग्रामवासियों तथा शिवभक्तों की विशेष सहयोग रहा। सफल आयोजन की जानकारी अरविन्द सिंह राजपूत ने दी।



## स्टेट हाईस्कूल मैंदान में 2000 सीटों का ऑडोटोरियम नहीं बनाने हेतु डॉ. रमन सिंह से मांग - ओस्तवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् राजनांदगांव शहर के विधायक एवं छ.ग. प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह,महापौर मधुसूदन यादव एवं जिले के कलेक्टर से यह मांग की है कि, जिस राजनांदगांव संस्कारधानी नगरीय की जनता के लिए राजनांदगांव के राजा ने जिस जापान की टेक्नोलॉजी मास्टर प्लान के अंतर्गत लगभग 100 वर्ष की आबादी को ध्यान में रखते हुए शहर की आम-जनता के हितों के मूलभूत सुविधाओं को देखते हुए बिजली,पानी, सडक् और जनता के शारीरिक खेल भावनाओं को देखते हुए जो राजनांदगांव शहर में स्टेट हाईस्कूल का मैंदान, म्युनिस्पिल हाई स्कूल का मैंदान और हॉकी प्रेमियों के लिए दिग्विजय स्टेडियम आदि जो सुरक्षित रखे थे ताकि संस्कारधानी नगरीय की जो हॉकी की पहचान पूरे भारत वर्ष सहित विश्व पटल पर अंकित है और खेल भावनाओं से जुड़ी उन युवाओं और समस्त राजनैतिक दलों के कार्यक्रम एवं सामाजिक सभी धर्मों के बड़े कार्यक्रम हेतु जो मैदान स्टेट हाईस्कूल सुरक्षित अब बचा है। उस स्थल पर 2000 सीटों का ऑडोटोरियम बनाने हेतु जो आपके द्वारा 64 करोड़ रूपयों की जो स्वीकृति दिलाई गई है उसके लिए आप बधाई के पात्र है लेकिन राजनांदगांव शहर की आम जनता की ओर से मेरी यह मांग है कि, जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्टेट हाई स्कूल के मैदान में ऑडोटोरियम न बनाने का तत्काल आदेश जारी करवायें क्योंकि गौरवपथ रोड़ के पास ऑडोटोरियम और म्युनिस्पिल हाई स्कूल में ऑडोटोरियम पहले से बना हुआ है। और यह 2000 सीट का जो ऑडोरियम और बनाना है तो गौरव पथ रोड़ आदि स्थल पर राजगामी संपदा और नजुल विभाग की जो जगह है उसे चिन्हाकिंत करते हुए उस स्थल पर बनाया जाए जिससे की शहर के खेल प्रेमी बच्चों आदि के खेलने का मैदान समाप्त ना हो इसको ध्यान में रखने की जरूरत क्योंकि शहर में आज की तारीख में कोई बड़ा मैदान अब सुरक्षित नही है।



## मेसर्स समरस इंडस्ट्रीज ग्राम कोपेडीह को अधिरोपित आरोपों के संबंध में अपना उत्तर 12 अगस्त को प्रस्तुत करने के निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी श्री सीएल मारकण्डेय द्वारा बिना अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर तहसील राजनांदगांव के ग्राम कोपेडीह स्थित मेसर्स समरस इंडस्ट्रीज के संचालक भवदीप सिंह को अधिरोपित आरोपों के संबंध में अपना उत्तर 12 अगस्त 2025 को प्रस्तुत करने कहा गया है। निर्धारित तिथि में उत्तर प्राप्त नहीं होने पर आरोप स्वीकार माना जाएगा तथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री डोमेन्द्र ध्रुव द्वारा तहसील राजनांदगांव के ग्राम कोपेडीह स्थित मेसर्स समरस इंडस्ट्रीज के संचालक भवदीप सिंह के समक्ष जांच की गई। जांच के दौरान फर्म में विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री विक्रय हेतु संग्रहित किया गया था, जिसमें से पोपो एक्वा (पैक्ड) 250 एमएल के 64 पैकेट कुल 16 लीटर को मिलावट की शंका के आधार पर जांच हेतु नमूना 128 रूपए नगद भुगतान कर रसीद प्राप्त कर क्रय किया गया। पोपो एक्वा (पैक्ड) के नमूना को खाद्य विश्लेषक खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर को जांच हेतु भेजे जाने पर मानक घोषित किया गया। विवेचना के दौरान पोपो एक्वा (पैक्ड) ड्रिंकिंग वाटर 250 एमएच (पैक्ड) पर अंकित बीआईएस नंबर आईएस : 14543 : 2016 सीएम/एल 5200109783 पाया गया, जो सुधा मिनरल्स भेंडेन जिला बरगढ़ उड़ीसा के नाम से पंजीकृत है, किन्तु समरस इंडस्ट्रीज के संचालक द्वारा वर्णित बीआईएस नंबर का अनाधिकृत उपयोग एवं पैकेट के ऊपर बैंच नंबर मैन्यूफैक्चरिंग डेट इत्यादि का उल्लेख नहीं पाये जाने के कारण पोपो एक्वा 250 एमएल (पैक्ड) मिथ्याछाप स्तर का पाया गया। तहसील राजनांदगांव के ग्राम कोपेडीह स्थित मेसर्स समरस इंडस्ट्रीज के संचालक भवदीप सिंह द्वारा बिना अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन के खाद्य कारोबार करना तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लंघन करना पाया गया है, जो दण्डनीय है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. 202507291500017
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक 4767/ वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 23/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती पद्मादेवी सिंह पति स्व.देवव्रत सिंह निवासी हाऊस नं-01 वार्ड कमाक-20 सिविल लाईन खैरागढ़ द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लाक नं-01 स्थित भूखण्ड कमांक-78/1/1/8 क्षेत्रफल 888 वर्गफूट को पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 01.05.2025 के माध्यम से अनावेदक श्रीमती संगीता निषाद पति विवेक निषाद निवासी कमल विहार सेक्टर-01 वार्ड-55 रायपुर जिला-रायपुर से क्रय किए जाने के परिणामस्वरूप उक्त वादभूमि से विक्रेता का नाम विलोपित कार अपने नाम पर नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण दर्ज किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

## ज्ञान मंथन

*1) थिरुकुरुंगुडी मंदिर किस राज्य में स्थित हैं?*

*2) साहित्य अकादमी पुरस्कार कितनी भाषाओं में दिया जाता हैं?*

*3) ई -दाखिल पोर्टल, जो खबरों में देखा गया था, किस क्षेत्र से संबंधित है?*

*4) हैंडिगोडु किस प्रकार की बीमारी है?*

*5) कौन से भारतीय खिलाड़ी ने बर्मिंघम में ब्रिटिश जूनियर स्क्वैश ओपन 2025 में अंडर-17 का खिताब जीता?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) तमिलनाडु (2) 24 भारतीय भाषाओं (3) उपभोक्ता शिकायतें (4) हड्डी और जोड़ रोग (5) अनाहत सिंह

## नगरीय निकाय पेंशनरों को एरियर का भुगतान - डी सी जैन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय पेंशनरों को सात महीनों के महंगाई राहत का भुगतान लम्बी प्रतीक्षा के बाद गत 25 जुलाई को मिलने पर राज्य के नगरीय निकाय पेंशनरों में हर्ष व्याप्त है। प्रांताध्यक्ष डॉ डी सी जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शासन द्वारा राज्य के नगरीय निकाय पेंशनरों को दिनांक 01/03/24 से 46त्न एवं दिनांक 01/10/24 से 50त्न महंगाई राहत का भुगतान किया जा रहा हैं परंतु महीनों से एरिअर का भुगतान नहीं किया जा रहा था। उस संबंध में नगरीय प्रशासन मंत्री, सचिव एवं संचालक को पत्र लिखने के बावजूद एरिअर का भुगतान नहीं हुआ। अत: प्रांताध्यक्ष ने 18 जुलाई को संचालक को ई-मेल भेजकर अनुरोध किया कि हिंदुओं के महत्वपूर्ण त्योहार रक्षाबंधन को मद्दे नज़र रखते हुए एरिअर का भुगतान रक्षाबंधन के दो सप्ताह पूर्व किया जावे। प्रांताध्यक्ष डॉ जैन द्वारा ई-मेल भेजने पर तत्काल कार्यवाही की गयी, जिसके फ्लस्वरूप एरिअर की राशि पेंशनरों के खाते में 25 तारीख़ को जमा कर दी गई। जिसके लिये प्रांताध्यक्ष डी सी जैन ने संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## बड़गांव में खाद का वितरण नहीं

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत बड़गांव में किसानों को अब तक खाद का वितरण ही नहीं हुआ है, पूर्व में कुछ किसानों को ही खाद उपलब्ध हो पाया था शेष बचे किसानों को अब तक खाद डी.ए.पी. यूरिया नहीं मिल पाने की वजह से उनकी कृषि संबंधी कार्य ही अटके पड़े हैं, खेतों में खाद की कमी से धान के पौधे ही नहीं बढ़ पा रहे हैं, ग्राम बड़गांव के ग्रामीण श्रवण कुमार देवांगन, नेपाल सिंह कार्ते, डेविड नायक, चमनराम नायक, रोहित नेताम, भुवनेश्वर कोरटिया, गीताबाई चुरेंद्र, पन्ना नायक, सरेज चुरेंद्र, भेनू नायक, जानिक बाई, नंद चुरेन्द्र, गणपत नेताम, आदि ने शासन से मांग की है कि बड़गांव में शीघ्र ही डीएपी खाद और यूरिया भेजी जाए।

## रोजगार कार्यालय एवं जनपद पंचायतों में 1 से 7 अगस्त तक प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र राजनांदगांव तथा जनपद पंचायतों में 1 से 7 अगस्त 2025 तक सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक कमांडेट कार्यालय क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। इसके तहत 1 अगस्त को जनपद पंचायत राजनांदगांव, 4 अगस्त को जनपद पंचायत डोंगरगढ़, 5 अगस्त को जनपद पंचायत छुरिया, 6 अगस्त को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र राजनांदगांव, 7 अगस्त को जनपद पंचायत डोंगरगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आायोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्पों के माध्यम से सिक्युरिटी गार्ड के 100 पद , सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 50 पद एवं जीटीओ ऑफिसर के 25 पदों पर भर्ती की जाएगी।

# जोंधरा में स्वच्छता अभियान की उड़ रही धज्जियां

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत जोंधरा में प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को धता बताते हुए स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ायी जा रही है, बिना किसी पूर्व योजना के जहां बेशुमार आबादी भूमि का बंदरबांट किया जा रहा है वहीं गांव की प्रत्येक गलियां कीचड़ और पानी निकासी के अभाव के चलते पानी से भरे हुए हैं, बारिश में कुछ गलियां तो ऐसी भी है जहाँ पर पैदल चल पाना भी दुष्कर हो रहा है, सफाई कर्मचारी महिला समूह विगत आठ माह से पारिश्रमिक नही मिलने से अपना काम बंद कर चुके हैं, स्वच्छता का हाल इतना बुरा है कि पंचायत भवन के ठीक सामने ही लावारिस पड़ी गिट्टी विगत कई महीनों से ज्यों की त्यों पड़ी हुई है। वहीं वार्ड नं. 7 के ग्रामीणों ने बताया कि बारिश होने पर घरों में भी घुटनों तक पानी भर जाता है, उन्होने बताया कि ग्रामीणों द्वारा आबादी भूमि इसी वार्ड नं. 7 मे ही दी गई है ग्रामीणों द्वारा आबादी भूमि का आबंटन तो कर दिया जाता है पर नाली निर्माण और मकान की बनावट कैसे और किस तरह होगी ये तय नही किया जाता है। वार्ड नंबर 7 के ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस



वार्ड में जो भी नाली का निर्माण पिछले पंचवर्षीय में करवाया गया है पूरी तरह औचित्यहीन है, निर्मित नाली में वार्ड का पानी जाता ही नहीं है, जल भराव कहीं और है नाली कहीं और, शौचालय बना तो दिए पर निरीक्षण कभी नहीं हुआ - स्वच्छता अभियान के चलते प्रत्येक घरों में शौचालय का निर्माण तो कर दिया गया है पर कितने घरों में उसका इस्तेमाल होता है इसका कोई निरीक्षण अब तक ना तो जनपद पंचायत की तरफ से ना ही पंचायत की तरफ से कभी किया गया है। नल जल योजना का फ्लाप शो - ग्राम जोंधरा में नल जल योजना पिछले 5 सालों से ठप्प पड़ा हुआ है जहां आज भी पानी टंकी निर्माणाधिन है वहीं पंचायत की ओर से पूर्व से ही संचालित नल जल योजना लकवा ग्रस्त हो चुका है, घरों के कनेक्शन पहले ही काट दिए गए हैं, और चैक चैराहों पर भी नल जल के माध्यम से पानी पहुंचा जा रहा है, ग्रामीण स्वच्छता का अंदाजा स्वत ही लगाया जा सकता है। सफाई कर्मी महिला समूह ने किया काम बंद - ग्राम पंचायत जोंधरा में सफाई कर्मी महिला समूह ने पारिश्रमिक नहीं मिलने से नाराज होकर पिछले दो-तीन महीने से काम करना बंद कर दिया है, समूह की महिलाओं ने प्रतिनिधि को बताया कि उन्हें पिछले आठ माह से मासिक पारिश्रमिक 3000 के हिसाब से नहीं दिया गया है। सरपंच खड़े के हाथ - ग्राम पंचायत की सरपंच वंदिता उके ने प्रतिनिधि से मुलाकात में बताया कि वह चार्ज लेने के पश्चात् जो भी काम हुआ है उसका भुगतान करेगी, पर वो पिछला को भी भुगतान नहीं करेगी जिसकी जानकारी उन्हें नहीं है और ना ही चार्ज में उन्हें मिला है।

> ग्राम पंचायत में जो भी समस्याएं हैं पहले से बनी हुई है गलियों में ना तो पानी निकासी के लिए नाली है और ना ही गलियों में डी.पी.सी. की सड़कें, मुझे जो चुनौतियों मिली हुई उसे शीघ्र ही ग्रामीणों के संग मिलकर दूर करने की कोशिश करूंगी।
>
> **सरपंच, वंदिता उके**

# ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के लिए खेल मैदान मे डेवलोपमेंट किया जाएगा : पूर्व सांसद अभिषेक सिंह



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत सुंदरा मे जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं मंडल अध्यक्ष मनोज साहू के नेतृत्व मे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने मैदान मे फिज़ीकल की तैयारी कर रहे बच्चों से मिलने पहुँचे। बच्चों ने पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत अभिनन्दन किया।उन्होंने बच्चों के दैनिक तैयारी के बारे मे चर्चा किया। सुंदरा ग्राउंड से कितने बच्चे नौकरी मे लगे हैँ, किंतने बच्चे खेलो इंडिया मे गएँ है साथ मे कितने बच्चे नेशनल खेले है जानकारी प्राप्त किया साथ मे सुंदरा मे 400 मीटर का रनिंग ट्रैक है उसको आने वाले दिनों के कैसे बेहतर किया जाए इसका चिंतन किया।इस प्रकार के जितने भी ग्राउंड है ग्रामीण क्षेत्र मे उनको भी युवाओं के लिए डेवलोपमेन्ट करने की बात कही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर , मंडल उपाध्यक्ष रमेश चंद्राकर , कृष्णा साहू मंडल कोषाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू , गोविन्द देवांगन, तेजराम देवांगन, दिनेश शर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव, ग्राम के पंच अमर दास, धर्मेंद्र यादव, लीलेश साहू, निक्की वैष्णव, बुधेश्वर साहू, प्रेम साहू, ट्रेनर कामता प्रसाद यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार को आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले में कार्यरत एनजीओ व सीएसओ की सूची की जाएगी प्रेषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि-कर्मयोगी अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावशाली बनाने के लिए 5 अगस्त 2025 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कक्ष क्रमांक 65 राजनांदगांव में जिले में कार्यरत विश्वसनीय गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) एवं सिविल सोसाइटी संगठन (सीएसओ) संपर्क कर सकते है। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तर पर आदि कर्मयोगी अभियान के सफ्ल संचालन के लिए विश्वसनीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) एवं सिविल सोसाइटी संगठनों (सीएसओ) को सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया है। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले में कार्यरत एनजीओ व सीएसओ की सूची जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार को प्रेषित की जाएगी। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में जवाबदेह प्रशासन एवं अंतिम छोर तक सेवाओं की प्रभावी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान का संचालन किया जा रहा है। आदि कर्मयोगी अभियान धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बहु-विभागीय समन्वय और जन-सहभागिता पर आधारित है। जिसका उद्देश्य जनजातीय गांवों में शासकीय योजनाओं का समग्र लाभ पहुंचाना है।

# निरंकारी जोनल महिला संत समागम सकुशल सम्पन्न

## निरंकारी महिला संत समागम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करना






**राजनांदगांव ।** सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से 27 जुलाई 2025 दिन- रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संत निरंकारी मंडल राजनांदगांव द्वारा झूलेलाल नगर,झूलेलाल धर्मशाला चौखडिया़ पारा राजनांदगांव में जोनल स्तरीय, जोनल महिला संत समागम का आयोजन किया गया इस अवसर पर भोपाल(म.प्र.) से चलकर परम पूज्यनीय बहन निर्मला सोमानी जी ने बताया कि साध-संगत जी धन निरंकार हम जिस रूप में भी यहाँ बैठे है हम सभी गुरसीख है ये तो व्यवस्था है , कोई गीत बोले तो कोई विचार बोले कोई स्टेज पर विराजमान हो। या सेवाओं में जो लगे हुए हो साध- संगत जी ये सब गुरूमत की व्यवस्थाएँ है पर हम सब गुरसीख ही है चाहे वह कुर्सी पर बैठा हो या जमीन में बैठा हो या कही भी सेवा कर रहा हो वह गुरू की रहमत, गुरू का प्यार ही ले रहा है हम सभी को सद्गुरू माता जी ने जो इस परमपिता परमात्मा का ज्ञान दिया हुआ है। उसी ज्ञान का आसरा लेते हुए, किसी के खाने-पीने-पहनने पर, किसी की जाति को ना देखते हुए हर इंसान के अंदर इस परमपिता परमात्मा का अंश है यह सोचकर ही हम हर इंसान की सेवा कर सकते है। निरंकारी महिला समागम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करना और प्रेम-शांति समानता और एकता के मूल्यों को अपनाने के लिए निरंकारी मिशन मानव को मानवीय गुणों से लैन्स करना सीखता है। इसका सिर्फमुख्य उद्देश्य महिलाओं को भी सहनशीलता, विनम्रता, प्यार,अमन -चैन स्थापित करना है। इस अवसर पर परम पूज्य जोनल इंचार्ज गुरू बख्श सिंह जी कालरा रायपुर से पधारे और उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि संत निरंकारी महिला संत समागम बहुत ही सुंदर प्यार और खुशियों से सम्पन्न हुआ। जिसमें भिलाई, रायपुर, खैरागढ़, कांकेर, डोंगरगाँव, डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव की महिलाओं ने बहुत ही सुंदर प्रोग्राम प्रस्तुत किए जिसकी मैं तहदिल से बधाईयाँ देता हूँ। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदन लाल नवलानी ने दी। एवं बताया कि बहन निर्मला सोमानी जी का स्वागत निरंकारी मिशन के सेवा दल भाई बहनों द्वारा एवं कांकेर के संयोजक राजा देवनानी एवं राजनांदगांव के संयोजक रूपलाल जी राजवानी सहित किया गया।

## संक्रामक बिमारी से बचने सावधानी बरतने एवं स्वच्छता अपनाने महापौर ने नागरिकों से की अपील

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मौसमी बिमारी डेंगू,मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बिमारियो को फैलने रोकथाम व बचाव हेतु सावधानी बरतने, घरो एंव आसपास साफ सफाई रखने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील की है। बरसात में मौसमी बिमारी डेंगू मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बिमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुये महापौर श्री यादव ने नागरिको से कहा है कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, पानी छानकर व उबालकर पीये, खाद्य पदार्थो को ढककर रखे, ताजे फ्ल सब्जी का उपयोग करे। सर्दी बुखार होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क कर तुरंत ईलाज करावे, उन्होंने कहा कि सावधानी बरतकर ही हम स्वस्थ्य रह सकते है। महापौर श्री यादव ने कहा कि बारिश में कुलर को अच्छी तरह से साफ कर खस वाली शीट को कडक धुप में सुखाना है क्याकि डेंगू के मच्छर एंडीस के अण्डे कूलर के खस की शीट में चिपके रहते है और नमी मिलते ही जीवित हो जाते है। इसलिये धूप में सुखाना अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार आंगन एवं छत की खुली हुई पानी टंकियों को ढक कर रखना है व टूटे फुटे मटके, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक के बाटल, डब्बे को नष्ट करना है। फ्रिज के पानी जमा होने वाले ट्रे के पानी को एवं मंदिर में रखे कलश के पानी को प्रति सप्ताह बदलना है। घरों के आस पास पानी जमा नहीं होने देना है। मच्छरदानी लगाकर डुसोना है। इस प्रकार की सावधानी बरतकर हम डेंगू, मलेरिया एवं मौसमी संक्रामक बिमारी से बच सकते है।

## धर्म समाचार....

# यूपी के गोंडा में यहां चमत्कारी शिव मंदिर, जहां दर्शन से मिटते हैं सारे दुख-दर्द, जानें मान्यता



उत्तर प्रदेश गोंडा जिले के विकासखंड इटियाथोक के तिर्रे मनोरमा में स्थित है एक ऐसा शिव मंदिर जिसका दर्शन मात्र करने से सारे दुख दर्द दूर हो जाते हैं. लोगों का मानना है कि यह मंदिर काफी प्राचीन है. इस मंदिर पर भगवान भोलेनाथ स्वयं विराजमान है. इस शिव मंदिर का नाम है दूधेश्वर नाथ शिव मंदिर इस मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्राचीन काल का शिवलिंग विराजमान है.वहां पर सोमवार और शुक्रवार को भक्तों की अपार संख्या में भीड़ होती है उसके अलावा यहां पर साल में एक बार मेले का आयोजन होता है.जहां पर देश-विदेश से लोग भी आते हैं.मंदिर के महंत टिल्लू गोस्वामी ने लोकल 18 से कहा कि इस मंदिर को दूधेश्वर नाथ शिव मंदिर के नाम से जाना जाता है. यह मंदिर न सिर्फअपनी आस्था और आभा के लिए प्रसिद्ध है.बल्कि माना जाता है कि यहां दर्शन मात्र से ही भक्तों के सारे दुख-दर्द दूर हो जाते हैं.



**भगवान भोलेनाथ स्वयं विराजमान**

नकुल सिंह बताते हैं कि मनोरमा नदी का उद्गम गोंडा जिले के तिर्रे ताल से होता है. यह बस्ती के परशुरामपुर क्षेत्र से गुजरते हुए महुली के पास कुआनो नदी में मिल जाती है. इस नदी का नाम महर्षि उद्दालक की पुत्री मनोरमा के नाम पर पड़ा. ग्रामीणों का मानना है कि इस मंदिर में भगवान भोलेनाथ स्वयं विराजमान हैं. यहां एक प्राचीन शिवलिंग स्थापित है, जिसे देखने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं. यह शिवलिंग बहुत ही चमत्कारी माना जाता है.इसकी पूजा से मानसिक शांति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है.

**भीड़भाड़ वाले दिन**

नकुल सिंह का मानना है कि मंदिर के प्रांगण में एक ऐसा पोखर (तालाब) स्थित है जिसमें स्नान करने से मन के पाप भी दूर हो जाते हैं. ग्रामीणों ने बताया कि इस पोखर का पानी कभी सूखता नहीं है यदि सूखने की नौबत आती है तो भगवान की कृपा से बारिश हो जाती है. हर सोमवार और शुक्रवार को यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है. खास तौर पर सावन के महीने में मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना होती है, जिसमें हजारों की संख्या में शिवभक्त शामिल होते हैं.

**आस्था का केंद्र**

साल में एक बार इस मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन भी किया जाता है. इस मेले में सिर्फ गोंडा ही नहीं, बल्कि देश-विदेश से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं. मेले में धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक गतिविधियां होती हैं.दूधेश्वर नाथ शिव मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि आस्था, विश्वास और चमत्कार का प्रतीक भी है. लोगों का मानना है कि जो भी सच्चे मन से यहां आकर भगवान शिव से प्रार्थना करता है, उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं.

## ना नींद आई.. न थकान! कांधे पर जल की जगह विराजमान भगवान भोलेनाथ, देवघर पहुंचा यह भक्त

सावन की आज तीसरी सोमवारी देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में शिव भक्तों की अप्रत्याशित भीड़ देखी गई. इसी दौरान आज कावड़िया पथ पर एक अनोखा शिवभक्त देखा गया जो कंधे पर गंगाजल नहीं बल्कि भगवान शिव की प्रतिमा को लेकर देवघरजैसे-जैसे सावन बीतता जा रहा है वैसे-वैसे सभी शिवालय में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ती जा रही है. चारों ओर सिर्फबोल बम और हर हर महादेव के मंत्र ही सुनाई दे रहे हैं. वहीं, 12 ज्योतिर्लिंग में से देवघर के बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग में भी शिव भक्तों की अप्रत्याशित भीड़ देखी जा रही है. आज सावन की तीसरी सोमवारी है. देश के कोने-कोने से भक्त सुल्तानगंज से जल भर कर 105 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा कर देवघर पहुंच रहे हैं और बाबा बैद्यनाथ के ऊपर जलाभिषेक कर रहे हैं. वहीं कांवड़िया पथ पर अनोखे-अनोखे कांवड़ भी देखने को मिल रहे हैं. बिहार, बंगाल और अन्य राज्यों से कांवड़िये अनोखे कांवड़ लेकर आ ही रहे हैं. लेकिन आज सावन की तीसरी सोमवारी के दिन झारखंड के गिरिडीह के रहने वाले शख्स राहुल कुमार बाबा धाम पहुंचे. वह पिछले 10 साल से देवघर के बाबा धाम पहुंच रहे हैं. हर साल अलग-अलग प्रतिमा लेकर बाबा धाम पहुंचते हैं. लेकिन इस साल कंधे पर गंगाजल के अलावा भगवान भोलेनाथ को अपने कंधे पर विराजमान कर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए बाबा धाम पहुंचे और बाबा बैद्यनाथ के ऊपर जलाभिषेक किया. आमतौर पर कांवड़िये कंधे पर जल लेकर शिव भक्त देवघर के बाबा धाम पहुंचते हैं. लेकिन राहुल कंधे पर भगवान भोलेनाथ को विराजमान कर देवघर पहुंचे. उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि हर साल जब बाबा धाम आते हैं तो पैरों में दर्द शरीर में थकावट और नींद लगी रहती थी. लेकिन इस साल जब कंधे पर भगवान भोलेनाथ को विराजमान किया तो इस साल ना ही कंधे में दर्द महसूस हुआ ना ही शरीर में थकावट महसूस हुई. ऐसा लगा कि साक्षात भगवान भोलेनाथ हमारे साथ चल रहे हैं.



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# श्री सनातन झांकी, केसरिया ध्वज के साथ निकली त्रिदेव कांवड़ यात्रा

## पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने किया स्वागत, वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए शामिल







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हरित कांवड़ यात्रा सिंदूर तिरंगा कांवड़ यात्रा की दो सोमवारों को उद्देश्य सहित सार्थक विषयो पर शिव भक्तों द्वारा शिवनाथ नदी से जल लेकर श्री बागेश्वर धाम मंदिर मे जलाभिषेक किया गया । इसी कड़ी में तीसरे सावन सोमवार को सनातन धर्म एक सोमवार प्रभु श्रीराम हनुमान शिव के नाम कांवड़ यात्रा पूर्ण भक्तिभाव से उत्साह से निकाली गई जिसमें आराध्य तीनों देव श्री राम हनुमानजी शिवजी के जन लोककल्याण धर्म प्रचार की भावना व पुरातन हिन्दू सनातन संस्कृति को समर्पित पुजित कांवड़ यात्रा निकाली गई । श्री बागेश्वर धाम मंदिर ट्रस्ट के सेवक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, मयंक शर्मा व अन्य भक्तो द्वारा पिछले सप्ताह से तैयारी कर प्रथम बार केसरिया ध्वज के साथ साथ मे भगवान श्रीराम हनुमानजी शिवजी के आकर्षक जीवंत झांकी जिसे बागेश्वर धाम सेवकों व प्रतीक गुप्ता द्वारा तैयार किया गया था । जिसमें का दृश्य दिखया गया था । जिसमे बालक प्रांजल गुप्ता अभिषेक गुप्ता शुभ गुप्ता अनुज गुप्ता व अन्य ने श्रीराम हनुमान शिव जी की जीवंत झांकी के रूप मे अत्यंत मनोहरी रूप मे प्रस्तुत थे। यात्रा मे कांवड़ यात्रियों द्वारा कांवड़ के जल के साथ-साथ केसरिया ध्वज भी लहराया जा रहा था । संपूर्ण वातावरण अलौकिक रूप से श्रीराम श्री हनुमान श्री शिव मय हो गया था । जय श्रीराम, जय हनुमान, हर-हर महादेव के संकीर्तन श्री यात्रा के बीच-बीच में गुंजायमान हो रहे थे । आज कांवड़ यात्रा मे विशेष रूप से कसौंधन वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेन्द्र गुप्ता,बजरंग दल के प्रदेश महामंत्री अधिवक्ता अरूण गुप्ता सनातन धर्मसभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ,शिवनाथ छेत्रिय समिति के अध्यक्ष डॉ डी.सी. जैन कसौंधन वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता, राकेश ठाकुर (शनिधाम), जय नारायण सिंह, धर्मसेवक अंकित खंडेलवाल, गायत्री परिवार के हरिश गांधी, राकेश ठाकुर (इंदूभूषण) समाज सेवी चंद्रेश जैन आदि ने कावड़ यात्रा मे शामिल होकर भगवान भोलेनाथ को जलार्पण किया । नंदई चौक में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत पार्षद गणों अन्य नागरिकों द्वारा कांवड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर अभिनंदन करने हेतु आभार व्यक्त किया । वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेन्द्र गुप्ता सहित समस्त अतिथियों को श्री बागेश्वर धाम मंदिर का फोटो प्रतीक चिन्ह ट्रस्ट के सोहनलाल गुप्ता, विजय गुप्ता, अजय गुप्ता, सौरभ गुप्ता, आदि ट्रस्ट के सेवकों द्वारा किया गया। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर धाम मंदिर के सेवक विजय गुप्ता द्वारा दी गई ।

## पीएचई ठेकेदार संगठन ईई शर्मा से मिला

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पीएचई ठेकेदार संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार जिला अध्यक्ष अशोक पंजवानी के नेतृत्व में पीएचई विभाग के ईई समीर शर्मा से सौजन्य भेंट की। संगठन के अध्यक्ष श्री पंजवानी, वरिष्ठ ठेकेदारों सहित संगठन के पदाधिकारियों द्वारा पीएचई विभाग के अधीक्षण अभियंता सह कार्यपालन अभियंता समीर शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर ठेकेदार और अधिकारियों के बीच सामंजस्य और अच्छा व्यवहार बना रहे, ऐसी अपेक्षा के साथ मुलाकात की गई। ठेकेदारों द्वारा ईई समीर शर्मा को अधीक्षण अभियंता पद पदोन्नत होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। साथ ही श्री शर्मा ने संगठन के पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर पीएचई ठेकेदार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जोशी, जिला संगठन के पदाधिकारीगण नीलेश श्रीवास्तव, अमीन हुद्दा संरक्षक जिला पीएचई ठेकेदार संगठन राजनांदगांव एवं जिला उपाध्यक्षगण दीपक शर्मा, संजय संचेती, सचिव विनय बिंदल, सारांश अजमानी, कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, सहसचिव वैभव शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रतीक जैन एवं वरिष्ठ ठेकेदार नीतिन भाटी तथा संतोष मीणा उपस्थित रहे।



## भास्कर खान एवं सागर वाहने जिला बदर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव निवासी भास्कर खान एवं चिखली वार्ड नंबर 6 राजनांदगांव निवासी सागर वाहने को आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने एवं अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पडने की संभावना के दृष्टिगत आगामी 6 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला तथा महाराष्ट्र के गोंदिया एवं मध्यप्रदेश के बालाघाट जिला के राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है।

# बारिश के पानी से बाजार एरिया में कीचड़ से परेशान





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लगातार बारिश होने से नगर के बिजली आफिस के पास नए बाजार और पुराने बाजार गायत्री मंदिर के पास सब्जी बाजार में जगह जगह कीचड़ और पानी भरा हुआ है जिससे सब्जी खरीदने वाले नागरिकों को कीचड़ से सराबोर होना पड़ रहा है नगर के फुटकर सब्जी विक्रेताओ ने नगर पंचायत को बार बार सुचना देने के बाद भी बाजार एरिया में समस्या अभी भी बनी हुई हैं अगर नगर पंचायत द्वारा बाजार एरिया में मुरम और बजरी गिट्टी डाल देते हैं तो सब्जी खरीदने वाले नागरिकों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा और कीचड़ और पानी से भी मुक्ति मिल जाएगी,

**चंडी मंदिर एरिया में पानी भरा**

नगर के चंडी मंदिर एरिया से श्री राम द्वार चौक तक जगह जगह बारिश का पानी भरे रहने से राहगीरों और दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस ओर नगर पंचायत का ध्यान अपेक्षित है।

## कीर्ति प्रकाश सिंह पवार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छतीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन जिला समिति राजनांदगांव द्वारा 28 जुलाई 2025 को



तहसील इकाई डोंगरगढ़ का सत्र 2025-2026 के लिए उपप्रांताध्यक्ष इंजी आर के गजभिए, उपमहामंत्री इंजी के के बघेल, जिला अध्यक्ष इंजी. राजेश कुमार साहू, चुनाव पर्यवेक्षक इंजी सागर शेण्डे एवम् इंजी लोमेश साहू के उपस्थिति मे चुनाव सम्पन्न कराया गया, जिसमें उपस्थित अभियंता साथियो द्वारा एकता का परिचय देते हुये पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध किया गया, जिसमें तहसील अध्यक्ष इंजी कीर्ति प्रकाश सिंह पवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी जीतेन्द्र भनारकर एवं कोषाध्यक्ष इंजी पूजा बहेकर निर्वाचित हुये। इस अवसर पर जिला सचिव इंजी संतोष बिनवार, उपाध्यक्ष इंजी जी. पी. लारिया, पूर्व तहसील अध्यक्ष इंजी असद सिद्धकी, तहसील अध्यक्ष राजनांदगांव इंजी हमीर साहू, इंजी सीमांत खरे, इंजी निखिलेश गैरारे, इंजी गरिम चौहान, इंजी गीता सिंह, एवं अन्य इंजीनियर व फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री चौरे उपस्थित रहे ।

# श्रावण मास में कांवड़ियों द्वारा शिव भक्ति की पराकाष्ठा

## जलाभिषेक के लिए जल लेने शिवनाथ नदी में लगी होड़

## तृतीय सोमवार को आस्था के चरम पर पहुँची कांवड़ यात्रा



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में श्रावण मास को लेकर आस्था चरम पर पहुंच गई है। शिवनाथ नदी इलाके के वार्डो के नागरिकों की कांवड यात्रा तृतीय सोमवार को भी आस्थापूर्वक निकाली गई। डीजे के सुमधुर भजनों एवं जय महाकाल के उदघोष के साथ कांवड़ यात्री धर्मयात्रा में लगे हैं। सावन मास में बच्चों, युवाओं, महिलाओं के साथ बुजुर्गों की भी जलाभिषेक के लिए जल लेने शिवनाथ नदी में होड़ मची हुई है। तृतीय सोमवार को साकेत धाम शिव मंदिर एवं वार्ड 14 स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर से प्रात: 6 बजे कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में स्कूली बच्चों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बच्चों के सुविधानुसार कांवड़ की व्यवस्था मंदिर संचालन समिति तथा समाजसेवियों द्वारा की गई है। शिवनाथ नदी से वापस मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक उपरांत बच्चों के सेहत के मद्देनजर समाजसेवियों द्वारा स्वल्पाहार वितरण किया जा रहा है। अनेक यात्री एक लोटा जल लेकर तो कोई सजावट वाली कांवड़ लेकर अपनी अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। अनेक समाजसेवी कांवड़ यात्रियों की स्वल्पाहार सेवा कर रहे हैं। कांवड़ यात्रा में धर्म प्रचार को प्रोत्साहित करने जनप्रतिनिधि व समाजसेवी भी शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर लक्ष्मीनारायण, दीना, पुरुषोत्तम , हेमंत, पदमनी पुसउ केशव कैलाश , नूतन , सुरेश घनश्याम सहित अन्य कांवड़ यात्रा में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



# शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन माह तीसरे सोमवार 28 जुलाई 2025 को शहर के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई । भक्तों द्वारा भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक , दुग्धाभिषेक , बेलपत्र , कनेर , फुडहर धतूरा पुष्प श्रीफल आदि भेंट कर कपूर दीप से आरती किये है । रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे के वैष्णव ने जानकारी दी कि सावन माह 2025 में चार सोमवार पड़ने पर भोलेशंकर की पूजा होगी । पं प्रदीप मिश्रा जी के कथन एक लोटा जल सभी समस्या का हल एवं सावन शिवरात्रि पूजा का भक्त जन अनुसरण कर श्री शिवाय नमस्तुभ्यं पाठ उद्घोष से मंदिर परिसर गुंजित रहा है । प्रतिवर्ष अनुसार महिला रामायण मंडली बाईसाहब मंदिर एवं जय मां काली बजरंग रामायण मंडली जस समिति एवं शक्ति मंदिर रामायण भजन मंडली छुईखदान द्वारा सभी मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन किया जाता है । राजपरिवार के लतारानी लाल जे के वैष्णव ने शिव मंदिर में विधि विधान से पूजा किये । शिवालयों सहित शहर में भक्त जन द्वारा ऊं नम: शिवाय , हर हर महादेव की भक्ति भाव से गूंजित रहा। भक्त जनों द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा , महामृत्युंजय मंत्र जाप , श्री शिव चालीसा पाठ एवं शिव तांडव स्तोत्र पाठ किया जाता है । सावन माह में अच्छी बारिश से भक्त गण भोलेनाथ की पूजा प्रसन्नता से किये।



सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com